दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 306 मुरादाबाद 04 March 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ



## पुरानी पेंशन बहाली का अशोक गहलोत का फैसला 2024 में बढ़ा देगा मोदी सरकार का सिरदर्द?



राजस्थान सरकार के बजट में पिछले दिनों प्रदेश के सीएम अशोक गहलोत ने राज्य कर्मचारियों को बड़ा तोहफा देते हुए पुरानी पेंशन बहाल करने का ऐलान किया था। यह खबर भले ही राजस्थान के कर्मचारियों के लिए अहम थी, लेकिन इसने यूपी, हिमाचल, पंजाब समेत देश के दूसरे राज्यों के कर्मचारियों की पुरानी मांग को भी हवा दे दी है। इसके अलावा देश भर में केंद्रीय कर्मचारियों की उम्मीदें भी एक बार फिर से पुरानी पेंशन को लेकर बढ़ गई हैं। ऐसे में यूपी जैसे बड़े राज्य में सरकारी भर्तियां कम होने के आरोपों में घिरी भाजपा केंद्र और राज्य में घिर सकती है। खासतौर पर 2024 के आम चुनाव के लिए यह मुद्दा बन सकता है। ऐसे में राजस्थान सरकार का यह फैसला केंद्र के लिए यदि सिरदर्द बन जाए तो कोई बड़ी बात नहीं होगी। कांग्रेस शासित अन्य राज्यों में इस फैसले को लागू किया जाना तय माना जा रहा है और इसके बाद भाजपा के नेतृत्व वाले राज्यों में मांग तेज हो सकती है। गहलोत सरकार ने यूपी चुनाव के चौथे चरण की वोटिंग के दिन पुरानी पेंशन बहाल करने का ऐलान किया था। इसलिए कहा तो यहां तक जा रहा है कि उत्तर प्रदेश के चुनाव में भी इसका असर दिख सकता है। दरअसल सपा के मुखिया अखिलेश यादव भी पुरानी पेंशन बहाल करने का वादा कर चुके हैं। वह लगातार इस मुद्दे को चुनाव प्रचार में उठाते रहे हैं। यही नहीं उनका कहना है कि इस बारे में उनकी एक्सपर्ट्स से बात हुई है और इससे कोई आर्थिक संकट प्रदेश के सामने खड़ा नहीं होगा। उत्तर प्रदेश में किसी भी राज्य से कहीं ज्यादा 11 से 13 लाख तक सरकारी कर्मचारी हैं। फिलहाल राजस्थान के ऐलान का यूपी के चुनाव पर क्या असर होगा, यह तय नहीं है। लेकिन अध्यापकों समेत बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन की ओर उम्मीद से देख रहे हैं। ऐसे में यदि उनका बड़ा वर्ग सपा के पीछे भी जा सकता है। उत्तर प्रदेश में बीते करीब दो सालों से शिक्षक भर्ती की मांग युवा कर रहे थे, लेकिन योगी सरकार उन्हें राजी करने में असफल दिख रही थी। यहां तक कि पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करने के सपा के वादे का भी काउंटर योगी सरकार की ओर से मजबूती के साथ नहीं किया गया। ऐसे में माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में यह मामला मोदी सरकार के लिए चिंता की वजह बन सकता है। कहा जा रहा है कि 2024 के आम चुनाव में यह अहम मुद्दा बन सकता है। इसकी वजह यह है कि एक बार केंद्र सरकार की ओर से अपने कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम लागू कर दी गई तो फिर तमाम राज्यों में यह फिर बहाल हो सकती है। ऐसे में इसकी मांग तेज हो सकती है और मोदी सरकार को इसकी काट निकालनी होगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्यौरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## 'मेक इन इंडिया' 21वीं सदी के भारत की जरूरत, दुनिया हमें मैन्युफैक्चरिंग पावर के रूप में देख रही: PM मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्योग जगत से आयात पर निर्भरता कम करने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया अभियान 21वीं सदी के भारत की जरूरत है। उन्होंने उद्योग जगत से कहा कि उन वस्तुओं के आयात में कटौती के प्रयास होने चाहिए, जिनका उत्पादन भारत में हो सकता है। मोदी ने उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग ( डीपीआईआईटी ) की ओर से %मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड% विषय पर आयोजित वेबिनार को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया भारत को विनिर्माण शक्ति के रूप में देख रही है। उन्होंने कहा कि बजट में आत्मनिर्भर भारत और %मेक इन इंडिया के लिए की गई घोषणाएं उद्योग जगत व भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। मेक इन इंडिया अभियान 21वीं सदी के भारत की जरूरत-मोदी ने हा कि मेक इन इंडिया अभियान 21वीं सदी के भारत की जरूरत है और यह हमें हमारी क्षमता दिखाने का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि हमें एक मजबूत विनिर्माण आधार बनाने के लिए पूरी शक्ति के साथ काम करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों, विशेष इस्पात और चिकित्सा उपकरणों जैसे क्षेत्रों में मेक इन इंडिया समय की जरूरत है और कोयला, खनन व रक्षा क्षेत्रों को खोलने से उद्योगों के लिए अपार अवसरों के मार्ग प्रशस्त हुए हैं। मोदी बोले-भारत में बड़ी संख्या में युवा प्रतिभाएं -प्रधानमंत्री ने कहा कि उद्योगों को अपने उत्पादों के विज्ञापनों में वोकल फॉर लोकल और मेक इन इंडिया के बारे में बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत में बड़ी संख्या में युवा प्रतिभाएं और कुशल मानव संसाधन हैं और मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए इनका इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि निर्यात को प्रोत्साहित करने और मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए एसईजेड कानून में सुधार किए गए हैं।

## सीएम योगी बोले-यूपी में हर तरफ बीजेपी की लहर, छठे चरण में छक्का, सातवें में बनेगा रिकॉर्ड



यूपी विधानसभा चुनाव के छठे चरण का मतदान आज हो रहा है। 10 जिलों की 57 सीटों पर हो रहे इस चरण के चुनाव में सीएम योगी आदित्यनाथ खुद गोरखपुर सदर सीट से मैदान में हैं। उन्होंने मतदान शुरू होते ही अपने बूथ पर पहुंचकर वोट डाला। इसके बाद मीडियाकर्मियों से बात करते हुए सीएम योगी आदिम?यनाथ ने दावा किया छठे चरण में बीजेपी के पक्ष में जोरदार छक्का लगेगा। बीजेपी पौने तीन सौ, तीन सौ के लक्ष्य को हासिल करेगी। सातवें चरण में यह आंकड़ा रिकॉर्ड बनाएगा। सीएम ने कहा कि 5 चरणों का जो रुझान है भाजपा पीएम मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत से काफी आगे चल रही है। आज छठे चरण का चुनाव है, आज जोरदार छक्का लगेगा और भारतीय जनता पार्टी पौने 300, 300 के लक्ष्य को प्राप्त करेगी, सातवें चरण में यह आंकड़ा रिकॉर्ड बनाएगा। मैंने कहा था कि पीएम मोदी के विकास और सुशासन के मुद्दे को जनता ने 2014, 2017, 2019 में अंगीकार किया और 2022 में भी बरकरार रहेगा। 80 फीसदी सीटें बीजेपी की आएंगी और 20 फीसदी में विपक्ष में बंटवारा होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश समान्य निर्वाचन में मुझे अपना मतदान देने का अवसर प्राप्त हुआ है। जनता जनार्दन में अपार उत्साह है। यह आम जनमानस की जागरूकता का प्रमाण है कि ना केवल जनता जनार्दन अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति बल्कि अपने संवैधानिक कर्तव्यों के प्रति बहुत जागरूक है। खास कर माताएं बहनें जिस उत्साह के साथ मतदान करने आ रही हैं, बहुत शुभ है। छठे चरण में आज मतदान हो रहा है। पूरे 9 जनपदों के सभी मतदाताओं से मेरी अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में बूथ पर जाकर मतदान करें। एक अच्छी सरकार के लिए, सुशासन की स्थापना के लिए, मतदान करना है। सीएम योगी ने जनता से अपील की कि वे मतदान स्वंय भी करें और हरेक मतदाता को मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि राजनीति को कुछ लोगों ने वंशवाद, भ्रष्टाचार, माफियावाद और आतंकवाद के समर्थन का पर्याय बनाने का प्रयास किया है। अगर हमें इस विकृति से बाहर निकलना है, वंशवाद, जातिपाति और मजहब की राजनीति से बाहर निकलना है तो मदान करें और विकास, सुशासन, सुरक्षा और राष्ट्रवाद के मुद्दे पर भाजपा के समर्थन में मतदान करें। आज कोई दल ऐसा नहीं कह सकता है कि हमें सत्ता में रहने का मौका नहीं मिला, सबको जांचा-परखा है, थोड़ी सी चूक कहीं बाद में लोगों को पाश्चाताप करने के लिए मजबूर ना करे, इस पर हमें ध्यान देना होगा। बेहतर भविष्य के लिए, बेहतर उत्तर प्रदेश के लिए, सुरक्षा-राष्ट्रवाद के लक्ष्य प्राप्त करने की गारंटी भी होगी।

# बीती रात अनियंत्रित तेज़ रफ़्तार डंफर ट्रक ने महाराणा प्रताप चौक को ध्वस्त किया



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा -बांदा शहर कोतवाली अंतर्गत सिविल लाइन पुलिस के पास चिल्ला की ओर से तेज़ रफ़्तार डमफर ने महाराणा प्रताप चौक पर महाराणा प्रताप की घोड़े में सवार प्रतिमा गिर कर चकनाचूर हो गई।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया मौके पर शहर कोतवाल सिविल लाइन पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया।ट्रक ड्राईवर व क्लीनर घायल हो गये है पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल बांदा में भर्ती कराया है तो वही घटना की जानकारी के बाद सुबह से ही महाराणा प्रताप चौक के पास समाजसेवी व अन्य लोगों ने पूरे चौराहे को जाम कर धरने पर बैठ गये जिससे चारो तरफ से रोड जाम हो गया है।धरने की सूचना मिलते हीड़ुमौके पर पहुचे सिटी मजिस्ट्रेट केशव नाथ गुप्ता ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया है व आश्वासन दिया है कि सुंदरीकरण का प्रस्ताव पास है पुनः मूर्ति लगवाई जायेगी.इस मौके पर पूर्व भा जा पा जिला अध्यक्ष लवलेश सिंह विश्व हिंदू परिषद के चंद्र मोहन बेदी जी के साथ साथ कई समाज से उपस्थित रहे।

# फर्रुखाबाद समाजवादी पार्टियों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद -सातनपुर मण्डी स्थल में बनाए गए स्ट्रांगरूम के बाद लगाए गए पाण्डाल में समाजवादी पार्टी की निगरानी टीम को कायमगंज तथा अमृतपुर की ईवीएम नहीं दिखाई दे रही हैं। गुरुवार को समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने जिला निर्वाचन अधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में एक अतिरिक्त डिस्प्ले स्क्रीन लगवाने की मांग की गयी है, जिसमें अमृतपुर तथा कायमगंज की ईवीएम भी दिखाई दें।अब मतगणना को महज छह दिन शेष बचे हैं। जिले की चारों सीटों पर सपा प्रत्याशियों की जीत देख रही समाजवादी पार्टी कोई चूक नहीं करना चाहती। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी अपनी टीम को ईवीएम की निगरानी के कड़े निर्देश दिए हैं। बुधवार को निगरानी टीम ने शिकायत की थी कि निगरानी पाण्डाल में जो डिस्प्ले लगाई गयी है उसमें अमृतपुर तथा कायमगंज की ईवीएम नहीं दिख रही हैं। गुरुवार को समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा, जिसमें कहा गया कि समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर जिला समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी शान्तिपूर्ण तरीके से सातनपुर स्थिति स्ट्रांग रूम की अनवरत निगरानी कर रहे हैं। निगरानी में तैनात पदाधिकरियों के बारम्बार आग्रह एवं निवेदन पर मात्र सदर एवं भोजपुर विधानसभा के स्ट्रांग रूम की टी0वी0 स्कीन डिस्प्ले लगवाई गई है। जबकि विधानसभा अमृतपुर एवं कायमगंज का स्ट्रांगरूम जोकि निगरानी स्थल से अधिक दूर है तथा मतगणना पाण्डाल बनाए जाने से निगरानी स्थल से देखना भी सम्भव नही है, जिसका टी0वी0 स्क्रीन डिस्प्ले अब तक नहीं लगाया गया है।ज्ञापन में मांग की गयी कि - विधानसभा क्षेत्र कायमगंज एवं अमृतपुर के स्ट्रांग रूम का डिस्प्ले स्क्रीन निगरानी स्थल के समीप तत्काल लगवाया जाये। जब तक उपरोक्त डिस्प्ले स्कीन की व्यवस्था नहीं हो रही है, तब तक विधानसभा बार दो-दो पदाधिकारियों को कायमगंज एवं अमृतपुर के स्ट्रांग रूम के डिस्प्ले स्क्रीन के पास निगरानी हेतु बैठने की अनुमति प्रदान की जाए

# अज्ञात कारणों के चलते युवक को हुई मौत



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा -बांदा शहर कोतवाली अंतर्गत कालवन गंज पुलिस चौकी क्षेत्र के खुटला मुहल्ले के रहने वाले कल्लू सेन को कई सालो से श्री ओम गुप्ता डिस्क वालो के यहां नोकरी करता था।कल अपने परिचित के बहन की शादी में गया था।कल दोपहर करीब दो बजे कल्लू के परिजनों को सूचना दी की कल्लू पीने के बाद गिर गया है ।सूचना मिलते ही परिजनों ने उठा कर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जहा पर उपस्थित डाक्टर ने चेकअप कर मृत घोषित कर दिया है। मृतक के भाई पप्पू ने बताया की हमारी हालत बहुत खराब है हमे बाड़ी मिल जाय तो समय से अंतिम संस्कार कर सके।मृतक के भाई ने बताया की यह चौथे नबर का था अब तक इस मिला कर तीन भाई खत्म हो गए है स्वर्गीय ज्वाला प्रसाद के पांच लड़को में अब दो ही भाई बचे हैं।

# मदरसा बोर्ड परीक्षा के लिए आठ मार्च तक भर सकते हैं ऑनलाइन फ़ॉर्म

मनोज पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूँ -ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मौ0 रूहेल आज़म ने बताया कि उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित सैकेण्ड्री, सीनियर सैकेण्ड्री, कामिल एवं फ़ाज़िल परीक्षा वर्ष 2022 के ऑनलाइन आवेदन-पत्र सम्बन्धित मदरसे के माध्यम से मदरसा पोर्टल पर भरे जाने की अन्तिम तिथि विधानसभा निर्वाचन-2022 की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने एवं मदरसों के अनुरोध पर छात्रहित में एक बार पुनः बढ़ा दी गयी है।चालान के माध्यम से राजकोष में परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि 5 मार्च 2022 है। आवेदन पत्रों को ऑनलाईन मदरसा पोर्टल पर भरने की अन्तिम तिथि 8 मार्च 2022 तक निर्धारित की गयी है। मदरसे के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन पत्रों को नियमानुसार मदरसा पोर्टल पर लॉक करने की अन्तिम तिथि 9 मार्च 2022 है। ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा परीक्षा आवेदन पत्रों को ऑनलाइन मदरसा पोर्टल पर सन्देहास्पद डाटा को सम्मिलित करते हुये लॉक करने की अन्तिम तिथि 14 मार्च 2022 है। मदरसे के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी स्तर से आवेदन-पत्र लॉक कराने हेतु छात्र/छात्राओं की सूची, चालान एवं मान्यता की छायाप्रति संलग्न कर ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में पत्रावली 10 मार्च 2022 तक अवश्य जमा करें। तिथियों में यह विस्तार अन्तिम होगा एवं इसके उपरान्त आवेदन हेतु तिथि बढ़ाई नहीं जायेगी। परीक्षा शुल्क का विवरण एवं विस्तृत दिशा-निर्देश परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध है। ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मौ0 रूहेल आज़म ने यह भी बताया कि मदरसा परीक्षा वर्ष 2021 की अंकतालिकायें/सहप्रमाण-पत्र उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद,लखनऊ से कार्यालय को प्राप्त हो गयी हैं। मदरसा का प्रबन्धक/प्रधानाचार्य अंकतालिकायें/सहप्रमाण-पत्र किसी भी कार्यदिवस में मदरसा बोर्ड पटल सहायक मुअज़्ज़म यार ख़ाँ से प्राप्त कर सकते हैं।

# पेंशन के बैंक खाते से अपना आधार कार्ड सीड व लिंक करायें

मनोज पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूँ - जिला समाज कल्याण अधिकारी राम जनम ने अवगत कराया कि राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत पेंशन का भुगतान 'आधार आधारित' प्रणाली के माध्यम से किया जायेगा। जनपद में पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थी अपना आधार नम्बर अपने वृद्धावस्था पेंशन खाते से बैंक में जाकर लिंक/सीड कराना सुनिश्चित करें। तदउपरान्त आधार सीडिंग/लिंकेज के उपरान्त आधार प्रमाणीकरण/सत्यापन लाभार्थी द्वारा रजिस्टर्ड मोबाइल के माध्यम से स्वयं किया जायेगा। वृद्धावस्था पेंशन योजना की बेवसाइट के होम पेज एसएसपीवाई-यूपी.जीओवी.इन पर आधार प्रमाणीकरण आवेदक द्वारा स्वयं करने हेतु लिंक उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने जनपद के समस्त पेंशनरों को अवगत कराया है कि वह अपने पेंशन के बैंक खाते से अपना आधार कार्ड सीड/लिंक करायें तथा आधार प्रमाणीकरण/सत्यापन उपरोक्त लिंक पर स्वयं अथवा जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से कराना सुनिश्चित करें। यदि आधार प्रमाणीकरण/सत्यापन लाभार्थी स्वयं नहीं कर पा रहे हैं तो अपना आधार कार्ड, बैंक खाता सं0 एवं रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर लेकर विकास भवन के कक्ष सं0-115 में सम्पर्क कर उक्त कार्य एक सप्ताह में पूर्ण करायें। शासन के निर्देशानुसार आधार सीडिंग एवं आधार प्रमाणीकरण/सत्यापन के बिना पेंशन का भुगतान सम्भव नहीं हो पायेगा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## कंडम हुई यूपी 112 गाड़ियां

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद -मौजूदा सरकार में यूपी 112 गाड़ियां हुई कंडम यूपी 112 गाड़ी में सिपाही लगा रहे धक्का गाड़ी में धक्का लगाते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ वायरल पुलिस व्यवस्था की खुली पोल धक्का परेड गाड़ियों से अपराधों पर कैसे लगेगा लगाम जिले में यूपी 112 गाड़ी हो रही धक्का परेड फतेहगढ़ कोतबाली क्षेत्र के जेएनबी रोड पर धक्का लगाते पुलिस कर्मियों का वीडियो हो रहा बायरल

## संदिग्ध परिस्थितियों में छिपे प्रेमी युगल,जोड़ें को घेरा, हुआ जमकर हंगामा

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा- कोतवाली क्षेत्र के सुरजन नगर रोड स्थित एक गांव में शिव बारात के दौरान प्रेमी युगल को भीड़ ने घेर लिया।इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। कोतवाली क्षेत्र के सुरजन नगर रोड स्थित एक गांव में मंगलवार की रात बारात निकाली जा रही थी। तभी एक युवक युवती को लेकर एक घर में घुस गया। उसकी यह हरकत बारात में शामिल लोगों ने देख ली। भीड़ ने शोर मचाते हुए घर घेर लिया। मकान में घुसकर देखा गया तो युवती एक संदूक में बंद पाई गई। बरात में शामिल लोगों ने भड़क पर मारपीट का प्रयास किया। प्रेमी युगल के माफी मांगने पर भीड़ शांत हो गई। पुलिस को मामले की सूचना नहीं दी गई।

## राजपथ पर कदमताल करने वाली दीपिका सम्मानित



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-मुरादाबाद के हिन्दू कॉलेज के पुस्तकालय सभागार में 9 यूपी गर्ल्स बटालियन के तत्वावधान में राष्ट्रपति सम्मान- समारोह एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। मुख्य- अतिथि, कमान अधिकारी कर्नल राजेश मिश्रा रहे। अध्यक्षता, प्राचार्य डॉक्टर सत्यव्रत सिंह रावत ने की। राजपथ पर कदमताल करने वाली कॉलेज की छात्रा व अंडर ऑफिसर दीपिका नेगी को सम्मानित किया गया। वर्ष भर होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले एनसीसी कैडेट्स भी सम्मानित किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में उत्तर प्रदेश पर आधारित राष्ट्रीय एकीकरण जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न झांकियां प्रस्तुत की गईं। लोकगीत व नृत्य की प्रस्तुति ने समां बांधा। प्रस्तुतियों में 24 व 9 वीं यूपी बटालियन शामिल रहीं। कर्नल राजेश मिश्रा ने क्रेडिट स्कोर, अनुशासन और तत्परता के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने को प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ एसएस रावत ने देश के प्रति निष्ठावान होने की बात कही। 9 वीं यूपी गर्ल्स बटालियन की गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर, करुणा त्यागी व रूबी यादव को भी सम्मानित किया गया। कैप्टन डॉ मीनू मेहरोत्रा ने एनसीसी का महत्व बताया। लेफ्टिनेंट डॉ राजीव चौहान ने आभार व्यक्त किया। दयानंद कॉलेज से कैप्टन, डॉ मनी बंसल, डॉ राजीव जैन आदि मौजूद रहे। संचालन कैडेट, शैली शर्मा ने किया।

## 17 को होगा होलिका दहन और 18 को ही खेला जाएगा रंग

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-लोगों में होलिका दहन के बाद अगले दिन रंग खेलने को लेकर संशय है। अफवाह है कि होलिका दहन के अगले दिन भद्रा होने के कारण रंग 18 मार्च के स्थान पर 19 मार्च को खेला जाएगा। लाइनपार स्थित हरि ज्योतिष संस्थान के ज्योतिर्विद पंडित सुरेंद्र शर्मा और आरपीएफ के मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित केशव जोशी ने लोगों के इस संशय को निराधार बताया है। उनका कहना है कि भद्रा के प्रभाव में होलिका दहन नहीं होता। मगर रंग खेलने में कोई आपत्ति नहीं होती। इसलिए दुल्हैंड़ी का रंग 18 मार्च को ही खेला जाएगा। ज्योतिषाचार्यों ने बताया इस वर्ष होलिका दहन के लिए मात्र एक घंटा दस मिनट का समय ही रहेगा। 17 मार्च की दोपहर 1.20 बजे से रात एक बजकर 8 मिनट तक भद्रा का योग रहेगा। भद्रा को अशुभ माना जाता है। इस दिन रात 9.04 बजे से 10.14 बजे तक भद्रा का पुच्छकाल रहेगा। इसी दौरान होलिका दहन किया जा सकता है। मगर रंग खेलने या दुल्हैंड़ी खेलने में भद्रा का कोई दोष नहीं माना जाएगा। इसलिए रंग 18 मार्च को ही खेला जाएगा।

## पोषण पोटली का नि:शुल्क वितरण आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद में किया

मौ .युसुफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद 03 मार्च 2022
अभिनव प्रौद्योगिकी उद्यमी विकास समिति सचिव कपिल रस्तौगी ने बताया है कि आज संस्था अभिनव प्रौद्योगिकी उद्यमी विकास समिति मुरादाबाद ने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से प्राप्त 10 टी0बी0 रोग से ग्रसित बच्चों की सूची के अनुसार उनको उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनन्दी पटेल जी के आव्हान पर पोषण पोटली का नि:शुल्क वितरण आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद में किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डा0 ममता सिंह एन0सी0सी0 प्रभारी के0जी0के0 डिग्री कालिज ने इस अवसर पर उपस्थित लाभार्थियों को पोषण पोटली देकर टी0बी0 नामक रोग के समाज से समूल नाश करने हेतु कार्य करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ज्ञानेन्द्र गांधी ने कहा कि भारत वर्ष ने पूरे विश्व के स्वास्थ्य लाभ तथा विकास की कामना की है। हमें भी स्वामी दयानन्द सरस्वती तथा पण्डित मदन मोहन मालवीय जी के आदर्शो पर चलते हुए समाज से टी0बी0 जैसी बीमारी को नष्ट करना है। श्रीमती ज्योति सिंह प्रभारी एन0टी0 रोमियों दल ने इस अवसर पर कहा कि टी0बी0 रोग से पीडित महिलाएं एवं बालिकाएं अपने परिवार की तरक्की तभी कर जायेंगी जब से स्वस्थ होंगी। विनोद आर्य प्रधान आर्य समाज ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग उ0प्र0 टी0बी0 रोग के समूल नाश के लिए अच्छा करने के साथ - साथ विभिन्न लाभकारी योजनायें भी टी0बी0 रोगियों के हितार्थ चला रहा है जिसके लिए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। ज्ञानेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि जब सभी टी0बी0 रोगी महिलायें बालिकाएं इस रोग से मुक्ति पा लें तो अपने आस पडौस या समाज में अन्य टी0बी0 रोगियों को प्रोत्साहित कर समुचित इलाज हेतु टाउन हाल स्थित अस्पताल या जिला अस्पताल जरुर लेकर जाये तथा ऐसे रोगियों से दूरी न बनायें कार्यक्रम में मुख्य से अमित गुप्ता, आचार्य कामेश मिश्रा, विनोद आर्या, ज्ञानेन्द्र गांधी, ज्ञानेन्द्र अग्रवाल आदि उपस्थित रहें।

## कावड़ लेने गई बहु के खेत से ससुर ने गन्ना छीलकर बेच डाला

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -ठाकुरद्वारा एक गांव में तीरथ धाम शिव के द्वार कांवर लेने गई महिला की ई ख में खड़ा गन्ना चोरी छिपे उसके पीछे बेच दिया शिव धाम तीर्थ यात्रा कर जब गंगाजल वापस लेकर लोटी महिला ने अपने गन्ने के खेत जाकर देखा तब खेत से डेढ़ कुंटल गन्ना गायब पाया महिला यह देख कर दंग रह गई और वापस लौटकर अपने घर परिवार में आकर सारी बात कहीं तभी किसी अन्य मोहल्ले वासी में महिला को रोते बिलखते देख कहा उसकी जमीन से गन्ना उसी के ससुर ने खड़े गन्ने को बेचा है महिला अपने ससुर के पास रोते हुए जाकर पूछे तब ससुर ने महिला को गाली गलौज कर मारपीट करने पर उतारो बहू के साथ की अभद्रता दुखी हारी महिला ने ठाकुरद्वारा होने की बात भी बताई महिला ने अपने पीछे 3 छोटे-छोटे बच्चे बताते हुए कहा वही मेहनत कर अपने बच्चों का पालन पोषण करती है अपने साथ हुई जास्ती का वाक्य सुनाया जिस पर कोतवाली निरीक्षक ने महिला की शिकायत पर उसके अपने ससुर के खिलाफ मामला दर्ज कर महिला को इंसाफ दिलाने की बात कहीउसके साथ होगा न्याय का आश्वासन दीया

## कलेक्ट्रेट में मतगणना हेतु कार्मिकों का प्रथम रेन्डमाईजेशन किया



मौ .युसुफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -कलेक्ट्रेट में मतगणना हेतु कार्मिकों का प्रथम रेन्डमाईजेशन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री आनन्द वर्धन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री सुरेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर श्री आलोक कुमार वर्मा, नगर मजिस्टेªट श्री एम0पी0 सिंह, सूचना विज्ञान अधिकारी श्री संजय अरोडा आदि उपस्थित रहें

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्व से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# India's efforts

The Indian side's stance in the ongoing war between Ukraine and Russia is not only sensitive but also balanced. India may not have openly condemned the attack, but it has also not sided with the Russian attack and stands for Ukraine's independence and sovereignty. Overall, India stands for peace and has reiterated this time and again from the level of the Ministry of External Affairs to the United Nations. The history of India is that it has never attacked any country from the front and has never sided with any attack. If India has been continuously listening to the countries of the world that it should peacefully resolve its disputes with its neighbors, then India has been giving this necessary advice to other countries from time to time. India's side is also transparent in the United Nations. The Prime Minister is also active in the direction of reconciliation and peace with the leaders of other countries of the world. On Tuesday, there was talk between Indian Prime Minister Narendra Modi and French President Emmanuel Macron, both of whom fully agreed that there should be a ceasefire at the earliest. When the war started, there was special pressure on India to take the initiative to stop the war and India has tried hard while staying within its scope. Even America has no complaint with India's stand. Russia is a tried-and-tested ally of India, so India's balanced stance is actually opposed to war. The Russian Ambassador to India has also expressed his gratitude for the fair and balanced approach adopted by India in the United Nations. India has not only called for respect for sovereignty and territorial integrity, but has also called for an immediate end to violence and hostilities. India wants to see the solution of this problem through diplomacy. In the past, countries like Poland, showing some anxiety, were starting to look against India or Indians, but now they too have started to understand the importance of India's efforts. India's efforts are far better than those countries, who are working to add fuel to the fire by giving weapons to Ukraine. But they should think, when the destruction starts in Russia, then what will be the attitude of this war? This should also reach Russia and India is pointing towards it. It is not that the whole of Russia has agreed to the attack. Today it is necessary that not only the Indians in trouble in Ukraine, but also the common people should reach all the necessary humanitarian aid. Keep in mind, India is ahead in sending relief material to Ukraine on humanitarian grounds. Packets of relief materials are also being sent to the planes which are going there to bring Indians. India is with all those who are waiting for help. The illusion should not arise in any country that India is sitting on its hands. India has also appropriately conveyed to the UN Security Council that it is in touch with all concerned and is urging them to return to the negotiating table. Undoubtedly, India must engage in efforts for peace and relief, keeping in view its own interests along with the side of humanity.

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

## Husband Sam Bombay reacted for the first time on Poonam Pandey's allegations, saying- 'She is doing this to promote herself'

Famous actress Poonam Pandey, who is in the news due to her boldness and controversies, is in Kangana Ranaut's reality show Lock Up these days. In the past, he has participated in this show. Recently, Poonam Pandey told about husband Sam Bombay and the domestic violence that happened to her in the show. The actress had accused husband Sam Bombay of domestic violence last year. Now Sam Bombay has broken the silence on Poonam Pandey's allegations. Sam Bombay recently spoke to the English website Times of India. During this, Poonam Pandey has reacted to her allegations. Sam Bombay said that whatever allegations have been leveled against him by Poonam Pandey are baseless. She keeps on making such statements just to stay in the news. Sam Bombay has also given his reaction to being a part of Kangana Ranaut's show Lock Up. Sam Bombay said, 'Whatever she is saying is very sad. She is doing this to promote herself. Because she knows that without news she is nothing. She likes news so she is doing this. Sam Bombay has also made a big deal about being a part of the lock up. He was asked whether he would like to go if he gets a lock to be a part of the show. In response to this question, Sam Bombay said, 'TRP likewise fire rocket hui padi hai'. What do I need to go for?' Apart from this, Sam Bombay has talked a lot about Poonam Pandey. Let us tell you that in lock up, Karanvir Vohra asked Poonam Pandey if she really loved Sam Bombay? On this the 'Nasha' actress made a shocking revelation. She has told that once Sam Bombay had beaten her so much that she had a brain



haemorrhage. Poonam Pandey said, 'Yes I did. I don't hate them anymore, but I don't like them either. Nobody wants anything like this to happen to them. Who likes to beat? I had a luxurious house of four floors. Everything from private garden, terrace. If I am in a room, then I am not allowed to be in that room, he used to ask me why are you in that room. The actress further added, 'He used to force me to stay in that room with him, as he wanted. When I used to tell them that I need some time with me and want some fresh air and I want to go to the terrace, I was not allowed. I was not allowed to take my phone anywhere, and I was not allowed to touch my phone in my house. So I thought, let's not talk much, I stay around him. What kind of statement is this? I must be beaten for loving my dogs. Isn't this the cause of brain haemorrhage? Because I've had it once. After this, Karanvir Vohra asked Poonam Pandey that since how long she has been tolerating domestic violence and how long did it take her to get out of it?““Popular Pop Singer Daler Henna, Instagram : thedalermehndiofficial“Russia Ukraine War: Daler Mehndi expressed happiness about the students who returned from Ukraine, said this for PM Modi - In response to this question of the actor, Poonam Pandey said, 'I have been trying to get out of this for a long time. This has been happening to me for four years. He didn't beat me just once, my brain injury (she points to the left of his head) didn't heal because he kept hitting me at the same place over and over again. I used to put on makeup, gloss and laugh in front of everyone, to hide it. I used to act very well in front of everyone.

## Prabhas starrer Radhe Shyam trailer released in Amitabh's voice

Mumbai. The second trailer of South Indian film superstar Prabhas's upcoming film Radhe Shyam in the voice of Bollywood megastar Amitabh Bachchan has been released. The second trailer of Prabhas' upcoming film Radhe Shyam has been released. The voice of Amitabh Bachchan is also being heard in the new trailer of the film. Prabhas is playing the role of an astrologer in Radhe Shyam. The second trailer of the film begins with Prabhas's brilliant dialogues. In the trailer, the pair of Prabhas and Pooja Hegde has been presented



in a very beautiful way. At the end of the trailer, the dialogue of the film is heard in the voice of Amitabh Bachchan, in which he says, Yeh story is a battle, love and luck. It is said that in Radhe Shyam set in the 1970s, Prabhas will play the role of Vikramaditya, who falls in love with a girl named Prerna, played by Pooja Hegde. The film Radheshyam will release in Hindi, Tamil, Telugu and Malayalam languages ??on March 11, 2022.

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# निजी वाहन स्वामी लॉगबुक सहित अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराएं

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा -एडीएम वित्त एवं राजस्व सुनील कुमार सिंह ने सूचित किया है कि त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2021 को सम्पन्न कराये जाने हेतु जिन निजी वाहन स्वामियों द्वारा वाहन उपलब्ध कराये गये थे, उन वाहन स्वामियों को अवगत कराना है कि यदि आपके द्वारा वाहन की लॉकबुक नहीं जमा करायी गयी है, तो तत्काल वाहन लॉकबुक जिला पूर्ति अधिकारी, एटा के कार्यालय में जमा कराते हुए एवं जिन वाहन स्वमियों द्वारा उपरोक्त अभिलेख जमा कर दिये गये है, वह भी वाहन कार्यमुक्त आदेश, आर0सी0 की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति जिसमें (बैंक का नाम, बैंक एकाउण्ट नम्बर, आई0एफ0एस0सी0 कोड एवं मोबाइल नम्बर आदि स्पष्ट हो) एक सप्ताह के अन्दर जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय), कलक्ट्रेट परिसर, एटा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में वित्तीय वर्ष समाप्त हो जाने के उपरान्त वाहनों के किराये का भुगतान किया जाना सम्भव नहीं हो पायेगा, जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

# यूक्रेन में मृत भारतीय छात्र को एएमयू छात्रों ने दी श्रद्धांजलि




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - यूक्रेन में हवाई हमले में मारे गए छात्र नवीन को श्रद्धांजलि देने के लिए एएमयू के छात्रों ने मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी। उन्?होंने हाथों में तख?तियां ले रखीं थी जिस पर लिखा था फ्युद्ध नहीं शांति चाहिएफ्। एएमयू के छात्रों ने राष्?ट्रपति से अपील करते हुऐ कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध एक बदसूरत मोड़ को आकार दे रहा है और सैकड़ो भारतीय ज्यादातर छात्र फंसे हुए हैं और भय और भयभीत का जीवन जी रहे हैं। देश और विदेश में अपने नागरिकों की देखभाल करना गणतंत्र भारत की जिम्मेदारी है, लेकिन हम फंसे हुए लोगों के लिए केंद्र सरकार की ओर से गंभीर लापरवाही और गंभीरता की कमी देख रहे हैं।

www.knlslive.com

## नवजात शिशु का अंग भंग अवस्था में मिला शव

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -नवजात शिशु का अंग भंग अवस्था में मिला शव। नवजात शिशु के शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी। नवजात शिशु के शव की नहीं हो सकी से शिनाख्त। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी। कोतवाली नगर क्षेत्र के शांति नगर का मामला।

## आगरा से मजदूरी करने आए व्यक्ति ने कासगंज रोड एटा पर फांसी लगाकर दी जान

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के अंतर्गत मंदाकिनी पुरमकासगंज रोड एटा परगजेंद्र सिंह के मकान मेंटाइल्स पत्थर का कार्य करने वाले मजदूर रह रहे थे जिस में राहुल सन ऑफ पप्पू आज काम पर नहीं गयाऔर कमरे पर ही मौजूद था जिसमें आज शाम गजेंद्र सिंह के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली शाम को मजदूरी करके वापस आए राम मोहन पुत्र महेंद्रमुकुल कुमार पुत्र पप्पूआकर देखातो राहुल फांसी के फंदे पर लटका हुआ था जिसकी सूचनातत्काल पुलिस को दी गई।पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सबको अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# रहस्य संदेश की सफलता के 25 वर्ष पूर्ण होने पर केक काटकर मनाया स्थापना दिवस

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा - प्रगति के सभी सोपान तय करते हुए अपने प्रगति के 25 वर्ष पूर्ण होने पर तथा 26 वें वर्ष में प्रवेश करने पर समाचार पत्र के प्रधान कार्यालय गढ़िया नरसू पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में समाचार पत्र के संपादक रामनरेश सिंह चौहान एवं प्रबंध संपादक अनूप सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से केक काटकर समाचार पत्र का 25 वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर रहस्य संदेश समाचार पत्र के संपादक रामनरेश सिंह चौहान व प्रबंध संपादक अनूप सिंह चौहान ने रहस्य संदेश समाचार पत्र के अनुभवी संवाददाता एवं अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। रहस्य संदेश समाचार पत्र के संपादक एवं प्रबंध संपादक ने पत्रकारिता क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए एटा से आए राष्ट्रीय कोहिनूर समाचार पत्र के संपादक मदन गोपाल शर्मा, कासगंज से आए दैनिक अमर भारती के ब्यूरो चीफ संजीव कुमार सिंह उर्फ बॉबी ठाकुर, न्यूज़ नेशन चैनल के जिला संवाददाता विशाल श्रोत्रीय, रहस्य संदेश समाचार पत्र के उप संपादक सौरभ गुप्ता, अलीगढ़ के रहस्य संदेश समाचार पत्र के उप संपादक अनवर खान, जी न्यूज के संवाददाता केशव उपाध्याय, कासगंज के दैनिक लक्ष्य का टारगेट के जिला संवाददाता चेतन गौतम, अमर भारती के संवाददाता रीतेश द्विवेदी, रहस्य संदेश के मंडल संवाददाता बासुदेव दीक्षित को शॉल उड़ाकर एवं रहस्य संदेश अवार्ड देकर सम्मानित किया। समाचार पत्र की 25 वीं वर्षगांठ पर केक कटते ही तालियों की गड़गड़ाहट से माहौल खुशनुमा हो गया। और बारी बारी से सभी आगंतुकों अतिथियों एवं समाचार पत्र रहे संदेश से जुड़े संवाददाता ने समाचार पत्र के संपादक रामनरेश सिंह चौहान एवं प्रबंध संपादक अनूप सिंह चौहान को केक खिलाकर अभिवादन किया। तदोपरांत समाचार पत्र के संपादक रामनरेश सिंह चौहान ने समाचार पत्र के प्रबंध संपादक अनूप सिंह चौहान को मुख्य अतिथि संजीव कुमार सिंह उर्फ बॉबी ठाकुर के सहयोग से शॉल उड़ाकर एवं रहस्य संदेश अवार्ड देकर उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर समाचार पत्र के संपादक रामनरेश सिंह चौहान ने समाचार पत्र के सफलता के 25 वर्ष के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि रहस्य संदेश अपने सुधी पाठकों की आत्मीयता से प्रगति के सभी सोपान तय करते हुए आपका जनप्रिय हिंदी समाचार पत्र प्रगति के 25 वर्ष पूर्ण करके 26 वेंवर्ष में प्रवेश कर रहा है। रहस्य संदेश का सदैव प्रयास रहा है कि निष्पक्ष तरीके से खबरों के संकलन में रहस्य संदेश ने कभी समझौता नहीं किया। रहस्य संदेश ने सदैव जन भावनाओं को सर्वोच्च मानकर निष्पक्ष पत्रकारिता के सत्य पर खरे उतर कर जनता का विश्वास अर्जित किया है। मुश्किलों के दिनों में भी रहस्य संदेश ने अपना संतुलन नहीं खोया। पत्रकारिता के क्षेत्र में रहस्य संदेश का सदैव यही नजरिया रहा पैनी नज़र बेबाक खबर एवं खोजी पत्रकारिता पर आधारित निष्पक्ष खबर संकलित कर जनता में अपनी बेबाक खबरों से पहचान बनाने में रहस्य संदेश अग्रणी रहा एवं निष्पक्ष खबरों से कभी समझौता नहीं किया। रहस्य संदेश को पाठक, अनुभवी संवाददाता संपादक मंडल का सदैव सहयोग मिलता रहा। इसके लिए रहस्य संदेश आभार व्यक्त करता है। कार्यक्रम के समापन के दौर में दैनिक लक्ष्य द टारगेट के जिला संवाददाता चेतन गौतम एवं रहस्य संदेश समाचार पत्र के उप संपादक सौरभ गुप्ता ने समाचार पत्र के संपादक रामनरेश सिंह चौहान एवं प्रबंध संपादक अनूप सिंह चौहान को उनके व्यक्तिगत गुणों के कारण तथा समाचार पत्र को बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए पगड़ी बांध कर सम्मानित किया। अंत में समाचार पत्र के प्रबंध संपादक अनूप सिंह चौहान ने रहस्य संदेश के सभी सुधी पाठकों, अनुभवी संपादक मंडल के पदाधिकारियों, संवाददाताओं, विज्ञापनदाताओं आदि का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए आगे भी पूर्व की भांति सहयोग देते रहने की अपील करते हुए धन्यवाद

# बैंक की साठ गांठ से 28528रु किए पार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -जलेसर कोतवाली क्षेत्र के गांव मुकुटपुर निवासी अंकित सिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह गुड़गांव स्थित एक प्राइवेट कंपनी में कार्य करता है। उसका जलेसर स्थित एसबीआई की मुख्य शाखा में एक बचत खाता संचालित है। सितंबर व अक्तूबर 2021 के वेतन की धनराशि जो कि 28528 रुपये थी उसने अपने बैंक खाते में जमा कर दी थी। जिसकी जमा पर्ची और बैंक का स्टेटमेंट उसके पास मौजूद है।जब वह बैंक से पैसे निकालने पहुंचा तो उसके खाते में पैसे न होने की बात बैंककर्मी द्वारा कही गई। इस संबंध में बैंक शाखा में जानकारी की तो मालूम पड़ा है कि बैंक कर्मियों की सांठगांठ से उसके खाते में जमा किये गए रुपए उसके ही गांव के ही रहने वाले दूसरे व्यक्ति अंकित पुत्र गोपाल सिंह के खाते में ट्रांसफर किये गये। बैंक कर्मियों की सांठगांठ से हुए इस गोलमाल से परेशान पीड़ित अंकित द्वारा पुलिस कोतवाली में तहरीर दी है।लाइसेंस नवीनीकरण के बिना कोल्ड स्टोरेज में हो रहा आलू का भंडारणएटा- जिले में कुल 18 कोल्ड स्टोरेज हैं जिसमें आलू का भंडारण होना शुरू हो गया है। लेकिन अभी तक 13 कोल्ड स्टोरेज के लाइसेंस का पिछले तीन साल से नवीनीकरण नहीं हुआ है। नवीनीकरण हुए बिना ही विभाग ने कोल्ड स्टोरेज में आलू का भंडारण कराने की प्रक्रिया को शुरू करा दिया है।जिले में तीन साल से 13 कोल्ड स्टोरेज के लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं किया गया है। वहीं बिना नवीनीकरण के कोल्ड स्टोरेज में भंडारण किया जा रहा है। वहीं पांच कोल्ड स्टोरेज में पांच साल के लिए नवीनीकरण किया गया है। 13 कोल्ड स्टोरेज के नवीनीकरण की फाइल शासन स्तर से लंबित है। के लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं हुआ है। लाइसेंस के नवीनीकरण की प्रक्रिया शासन स्तर पर लंबित है।ट्रक की टक्कर से बालक की मौत, ग्रामीणों ने लगाया जाम नाजिरपुर में सड़क दुर्घटना के बाद लगा जाम -एटा - सकीट औंछा मार्ग पर गांव नाजिरपुर चौराहा के पास मैनपुरी की तरफ से आते एक ट्रक ने आठ वर्षीय बालक को टक्कर मार दी।

# बस स्टैण्ड में हुआ एक युद्ध नशे के विरुद्ध कार्यक्रम




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- नशा मुक्ति अभियान का कार्यक्रम एक युद्ध नशे के विरुद्ध कार्यक्रम नया बस स्टैण्ड में आयोजित किया गया। जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राहुल देव के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी चन्द्रबेस सिंह सिसोदिया ने मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में आज कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें पुलिस विभाग से डी.एस.पी. श्रीमती नंदनी सिंह, जिला बाल संरक्षण इकाई से जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल, संरक्षण अधिकारी अखिलेश सिंह, चाईल्ड लाईन समन्वयक कार्तिक मजूमदार ने यात्रीयों को सम्बोधित किया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ने नशा से होने वाले नुकसान के संबंध में बताया और कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार, समाज एवं देश को नाश कर रहा है। इससे बचे, धुम्रपान के लिए भी निर्दश जारी किये गये है। सार्वजनिक स्थानों में यदि कोई धुम्रपान या कोई नशा करता है तो वह अपराध करता है, उसे टोंके-रोकें, उन्होंने बच्चों एवं युवाओं को नशे से दूर रखने के गुर बताये। उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती नंदनी ठाकुर ने अपने उद्बोधन में बताया कि आज की स्थिति में नशे से कई घर तबाह हो रहे हैं। घरेलु हिंसा के मामले ज्यादा नशे के कारण आ रहें है। सड़क पर दुर्घटना को मामले में बढ़ोत्तरी नशे के कारण हो रही है। अधिकतम मौतें सड़क दुर्घटना में नशे के कारण हो रही है। अपराध में बढ़ोत्तरी भी नशे के कारण हो रही है। आये दिन नशे से लोग किसी की भी हत्या कर दे रहे हैं। अपराध में यदि रोक लगती है, तो नशे पर रोक लगानी पड़ेगी। संरक्षण अधिकारी अखिलेश सिंह ने लोगों को बताया कि यह अभियान रायपुर, बिलासपुर के बाद सूरजपुर में चलाया जा रहा है। सभी को नशे से दूर रहना चाहिए। नशे से अपराध बढ़ रहें हैं। कार्तिक मजूमदार चाईल्ड लाईन समन्वयक ने चाईल्ड लाईन के संबंध में लोगों को जानकारी दी और टोल फ्री नं0 1098 में बच्चों से संबंधित कोई शिकायत करने हेतु आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई के हर गोविन्द चक्रधारी, गीता गिरी, कुमारी शितल सिंह, शोभनाथ राजवाड़े, रमेश साहू उपस्थित थे।

# तारकेश्वरपुर के साप्ताहिक बाजार में सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रदर्शनी

## शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने लगाई गई स्टॉल

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आम जनता को राज्य सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों, कार्यक्रमों की जानकारी देने जनसंपर्क विभाग द्वारा आज जिले के प्रेमनगर विकासखंड के ग्राम तारकेश्वरपुर में सूचना शिविर सह विकास छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को राज्य सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों, नीतियों और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से ग्रामीणों ने जिले में गत तीन वर्षों में राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं और विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों, नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पुल पुलियों, शासकीय, प्रशासनिक कार्यक्रम आदि की विस्तृत जानकारी ली और प्रदर्शनी की प्रशंसा की।इस अवसर पर ग्रामीणों ने रुचि से छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन




किया एवं सूचना शिविर के माध्यम से शासकीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। शिविर में मासिक जनमन पत्रिका सहित अन्य प्रचार सामग्री का निः शुल्क वितरण भी किया गया।शासन की सराहनीय पहल, ग्रामीणों हो रहे जागरूक- समलिया देवी पति राम साय सरपंच तारकेश्वरपुर ने जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए इसे शासन की एक सराहनीय पहल बताई। जिससे ग्रामीणों को स्थानीय रूप से ही शासन की समस्त योजनाओं, उपलब्धियों आदि की जानकारी मिल रही है। उन्होंने प्रचार सामग्रियों को भी बच्चों, युवाओं के साथ सभी वर्ग के लोगों के लिए लाभकारी है । शिविर में ग्राम बकालो,श्यामपुर, उमेश्वरपुर ,पार्वतीपुर, कोतल,आनंदपुर, दुर्गापुर, सरस्वतीपुर, मोहनपुर, जयपुर, लक्ष्मीपुर ,सुरता इन क्षेत्रों के कर्मदयाल , आनंद राम, रामनारायण रजवाड़े, नंदकुमार साहू, पीलादास,श्रीपाल, हिरालाल, जयलाल सिंह, दुलेश्वर, सहदेव राम, शिव बालक, बन्सुराम ,बुजुर्ग माताओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे। आगामी शिविर शुक्रवार 4 मार्च को सूरजपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत लटोरी के हाट-बाजार में लगाया जायेगा।

www.knlslive.com

# रेनू ने महनत कर रोडवेज को अच्छी आय के साथ साथ पाया सम्मान

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबादरेनू के पिताजी भी रोडवेज में परिचालक के पद पर कार्य रत थे वो कई विमारी के साथ जूझ ते रहे लेकिन समय के आगे उनकी कुछ नही चली और उनका 1999 में स्वर्गवास होगया था जब उनके घर मे कोई भी ऐसा व्यक्त नही था जो परिवार का भरण पोषण कर सके तभी उनकी बेटी रेनू को म्रतक आश्रित में उसी पद पर विभाग ने 2005 मे नोकरी दे दी जिससे रेनू पर परिवार की पूर्ण जिम्मेदारी का बोझ पड़ गया और तभी से रेनू ने अपने परिवार के भरण पोषण की पूर्ण जिम्मेदारी अपने कंधो पर लेली फिर उनकी शादी 2006 में सुनील कुमार गौतम के साथ हुई फिर उनपर डबल जिम्मेदारी का भी वजन पड़ गया इसके साथ साथ उन्होंने दोनों परिवारों की पूर्ण जिम्मेदारी लेते हुए विभाग के प्रति भी पूर्ण निष्ठा और लगन के साथ कार्य किया ।जिस पर ए आर एम एटा डिपो ने परिचालन कर रही रेनू की प्रशंसा करते हुए कहा कि रेनू हमारे डिपो की बहुत ही मेहनती और कर्मठ कर्मचारी है ।जिसपर रेनू ने ए आर एम एटा का आभार व्यक्त किया ।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# जिला बाल संरक्षण टिम ने रूकवाये तीन बाल विवाह



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिले में कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के दिर्नेशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री चन्द्रवेस सिंह सिसोदिया मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग सूरजपुर बाल विवाह के प्रति सलग्न है जिले में बाल विवाह की सूचना मिलते ही संयुक्त टीम गांव पहुच कर बाल विवाह रोकवा रही है। जिला बाल रक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ग्रामीणों को समझाईस दे रह है और आल विवाह से होने वाले नुकसान से लोगों को अवगत करा रहे है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री चन्द्रवेश सिसोदिया को ग्रामीणों द्वारा जानकारी प्राप्त हुई कि ग्राम परमेश्वरपुर चंदौरा प्रतापपुर में एक 15 वर्षिय बालक का बाल विवाह होने जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल को निर्देशित किया कि संयुक्त टी मौके पर जाकर परीक्षण कर कार्यवाही करें। मनोज जायसवाल संयुक्त टीम के साथ गांव पहुचे जांच करने पर पता चला कि बालक मात्र 15 वर्ष 9 माह का है और यह उसका इसका विवाह है पूर्व में विवाह कर एक लड़की को छोड़ चुका है और इसका विवाह करने जा रहा है। बालक एवं उनके परिजनों को समझाईस दिया गया। और विवाह रोकने के सक्त निर्देश दिये। परीजन विवाह रोकने को राजी हो गये। दूसरा मामला ग्रामीणों की सूचना पर ग्राम रैसरा पो0 चन्द्रमेढ़ा विकास खण्ड भैयाथान में बाल विवाह कि सूचना पर संयुक्त टीम जांच करने पहुची तो पता चला कि पढी ही नही है। पूछ ताछ करने पर पता चला कि बालिका स्कूल गई है और दुसरी तक पढाई की है, स्कूल से दाखिल खारीज की जांच करने पर बालिका मात्र 13 वर्ष 3 माह 17 दिन की निकली बालिका को एवं उनके परिजन को समझाया गया बालिका अत्यन्त छोटी है। इसका विवाह करने पर लड़का समस्त सभी को सजा हो सकता है। तब जाकर घर वाले विवाह नही करने पर सहमत हुए। ग्रामीणों द्वारा 1098 में सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गोविन्दपुर विकास खण्ड प्रतापपुर में 17 वर्षिय बालक का बाल विवाह होने वाला है। टीम जब वहां उम्र का सत्यापन की तो बालक 15 वर्ष 7 माह 27 दिन का निकला बालक के विवाह की आयु 21 वर्ष होने से बाल विवाह रोकवा दिया गया। उम्र होने पर ही विवाह करने की हिदायत दी गई।उपरोक्त कार्यवाही में जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल, सामाजिक कार्यकता श्रीमती अंजनी साहू, आउटरीच वर्कर हरगोविन्द चक्रधारी, चाईल्ड लाईन से गोविन्दा साहू, शोभनाथ राजवाड़े, थाना प्रभारी चंदौरा बाजीराव एवं अन्य पुलिस उपस्थित थे।